पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने राजभवन में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय 'कर्मयोगी भवन' का किया लोकार्पण

पं0 दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर राजभवन कर्मी उनकी तरह कर्मयोगी बनें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 28 अक्टूबर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां राजभवन में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय 'कर्मयोगी भवन' का लोकार्पण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति में किया।

लोकार्पण अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि मेरी अपेक्षा है कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर राजभवन के सभी कर्मी उनकी तरह कर्मयोगी बनें। उन्होंने कहा कि नवीन सचिवालय भवन में राज्यपाल से लेकर राजभवन के अधिकारियों के कार्यालय एक साथ होने से जहां कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तो वहीं पत्रावलियों को लाने व ले जाने में लगने वाला समय भी बचेगा। इसके साथ ही कार्य की गोपनीयता एवं पारदर्शिता भी बनी रहेगी।

ज्ञातव्य है कि मा0 राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में वर्षों से अनुपयोगी पड़े भवन 'सचिव आवास' का जीर्णोद्धार कर नवीन

सचिवालय के रूप में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय 'कर्मयोगी भवन' निर्मित कराया गया है, जिसमें मा0 राज्यपाल सहित अपर मुख्य सचिव, विधि परामर्शदाता, अपर विधि परामर्शदाता, ए0डी0सी0 (परिसहाय), आई0टी0 सेल, सुरक्षा एवं सूचना कार्यालय स्थित हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (74/32)
सम्पर्क सूत्र
9453005360

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
कर्मयोगी भवन
"कर्मयोगी भवन"
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
योगी आदित्यनाथ

कर्मयोगी भवन